तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 29 जून 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
सेटेलाइट अलर्ट और त्वरित कार्रवाई से इस साल कोरबा वनमंडल में आधी हुई आग की घटना



(कोरबा) प्रवेश प्रारंभ (कटघोरा)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
पता: प्राचार्य: लालूराम कालोनी (पवन भोग आटा चक्की के पीछे) कोरबा
मो. 9203903521, 9425556340, 9203914561
पता: प्राचार्य: निहारिका टॉकीज कम्पाउंड, गोपाल पेट्रोल पंप के सामने कटघोरा
मो. 9203914562, 9691946265, 9203914561

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

# धान की फसल का डिजिटल सर्वे करने विभाग ने शुरू की तैयारी

## डिजिटल रिकार्ड में दर्ज किसानों के खरीदे जाएंगे धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

इस वर्ष धान की फसल के लिए डिजिटल सर्वे अनिवार्य कर दिया गया है। डिजिटल सर्वे रिकार्ड में दर्ज किसानों के ही धान खरीदा जाएगा। एक जुलाई से इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। जिसके लिए पंजीयन भी शुरू हो जाएगा। डिजिटल सर्वे को लेकर बीते वर्ष भी कार्य किया गया था। लेकिन धान सभी किसानों से खरीदे गए थे।

इस वर्ष की धान खरीदी में फर्जी तरीके से धान की खरीदी नहीं हो सकेगी। फसल लेने की तैयारी में जुटे किसानों को फसल लेने के साथ साथ डिजिटल सर्वे की अनिवार्यता से भी गुजरना होगा। एक जुलाई से पोर्टल में इसके पंजीयन की कार्यवाही शुरू हो जाएगी। पूर्व में राजस्व विभाग के द्वारा जिस तरह से मेनुअल सर्वे राजस्व विभाग की टीम के द्वारा किया जाता था, उसमें कई तरह की तकनीकी खामियां सामने आने के कारण डिजिटल सर्वे अनिवार्य किया गया है। बीते वर्ष से ही राजस्व विभाग की टीम के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वे का काम शुरू किया था। जिसमें यह बात सामने आई थी कि जिन भूमि में लंबे समय से फसल नहीं ली जा रही है उक्त भूमि के खसरे नंबर के आधार पर भी फसल बेच दी जाती थी। बीते वर्ष ऐसे मामले सामने आने के बाद रकबा समर्पण की कार्रवाई की गई थी। लगभग ढाई से तीन हजार रकबे किसानों ने समर्पण किये थे। इससे जाहिर हो गया था कि पड़त भूमि के खसरे के आधार पर धान बेचा करते थे।

**खास बातें**

- एक जुलाई से पंजीयन की शुरू होगी प्रक्रिया
- मेनुअल सर्वे में आ रही थी खामियां



### सभी जमीनों के खसरे नंबर का पंजीयन

धान बेचने के लिए बीते वर्ष एग्रीटेक पोर्टल में जब पंजीयन की प्रक्रिया शुरू की गई तब सभी जमीनों के खसरे नंबर का पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया था। किन्तु रिकार्ड दुरुस्त नहीं होने के कारण कई किसानों के खसरे नंबर का पंजीयन नहीं हो सका था। इस बार जिन खसरे नंबर में फसल ली जा रही है उनका ही डिजिटल सर्वे होगा। इससे पड़त भूमि के खसरे नंबर के पंजीयन की कार्यवाही नहीं हो सकेगी और न ही इस नंबर के आधार कोई फसल खरीदी जा सकेगी।

## दो मंजिला मकान के हिस्से को तोड़ा गया

# सीतामणी मेनरोड में रज्जाक अली के अतिक्रमण पर चला बुलडोजर





अवैध मकान पर कार्यवाही करती प्रशासन की टीम।

### बड़ी संख्या में चौकस रहा पुलिस बल

संबंधित क्षेत्र में दंडाधिकारी स्टार के अधिकारियों की देखरेख में पुलिस बल तैनात किया गया। शहरी क्षेत्र के कुछ स्थानों के निरीक्षक सहित उपनिरीक्षक और पुलिस जवान यहां मोर्चा संभालने के लिए डटे रहे। महीने के शुरुआती दिनों में इसी तरह की कार्रवाई राताखार क्षेत्र में प्रशासन के द्वारा मुकेश साहू के यहां की गई थी। प्रशासन ने कहा कि गंभीर अपराधों में इंवॉल्व रहने वाले तत्वों को हमेशा इस तरह की कार्रवाई को ध्यान में रखना चाहिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तहसीलदार न्यायालय के आदेश पर रविवार को जिला प्रशासन की टीम ने शहर के सीतामणी मेन रोड में सरकारी जमीन में कब्जा कर बनाए

**खास बात**

- भाजपा नेता पर किया था जानलेवा हमला



जा रहे दो मंजिला मकान को तोड़ने क़ी कार्रवाई क़ी। उक्त कब्जा भाजपा नेता पर जानलेवा हमले के आरोपी जिला पंचायत सदस्य रज्जाक अली का है। जिसके खिलाफ पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जिला बदर करने एवं राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अंतर्गत बड़ी कार्रवाई करने का प्रस्ताव जिला दंडाधिकारी को भेजा है। प्रदेश सरकार के जीरो टॉरलेंस नीति के तहत कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने भी प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि जिले में किसी तरह की आपराधिक गतिविधियों को ना पनपने दिया जाए और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। इसी के तहत इस कार्यवाही को अंजाम दिया गया।

रविवार की सुबह 11 बजे सीतामणी में उस समय हड़कंप मच गया जब प्रशासन की टीम ने भारी पुलिस बल के साथ सीतामणी पहुंचकर मेनरोड में रज्जाक अली के बन रहे दो मंजिला मकान को तोड़ने की कार्यवाही शुरु की। इस दौरान तहसीलदार दीपक पटेल, सीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी सहित पुलिस अधिकारी मौजूद थे। रज्जाक अली के द्वारा सरकारी जमीन में कब्जा कर बनाए जा रहे मकान का प्रकरण तहसीलदार के न्यायालय में चल रहा था जिसपर सुनवाई पश्चात बेदखली के आदेश जारी किए गए उक्त आदेश पर अमल करते हुए रविवार को प्रशासन व नगर निगम की टीम अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करने पहुंची। दोपहर 3.30 बजे तक चली इस कार्यवाही के दौरान नीचे तल में रखे हुए सामान को भी हटाया गया एवं बगल में ही स्थित मकान के समान को सुरक्षा की दृष्टि से हटाने की कार्यवाही की गई। इस दौरान दो मंजिला मकान के सामने का हिस्सा ही तोड़ा जा सका है। इस कार्यवाही में दो जेसीबी मशीन लगाई गई थी। किंतु मकान के स्ट्रक्चर की मजबूती के कारण शेष हिस्सा नहीं तोड़ा जा सका। 3.30 बजे के बाद तोड़ू दस्ता वापस चला गया।

यहाँ यह बताना जरूरी होगा कि बीते 15 जून को कोरबा के सिविल लाइन पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत रज्जाक अली और उसके दो साथियों ने मिलकर बालको भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष शिव बालक सिंह तोमर पर राड और अन्य चीजों से जानलेवा हमला किया था । इस हमला में श्री तोमर के हाथ पैर फैक्चर हो गए थे।

### न्यायालयीन आदेश पर कार्रवाई

तहसीलदार न्यायालय में अतिक्रमण का प्रकरण चल रहा था। जिसकी सुनवाई पश्चात अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही का आदेश होने पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई है।

-**दीपक पटेल**, नायब तहसीलदार कोरबा

# अधर में लटकी स्वामी आत्मानंद स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती




फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्रों को बीते वर्ष की तरह इस वर्ष भी विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के संकट से जूझना पड़ेगा।

**खास बातें**

- राज्य शासन के द्वारा केन्द्रीयकृत भर्ती शुरू करने के दिए गए थे निर्देश
- जिले में शिक्ष और गैर शिक्षकीय सहित कुल 79 पदों के लिए शुरू की गई थी भर्ती

राज्य शासन के द्वारा एक जुलाई से भर्ती की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश की अब तक पहल होते नहीं दिख रही है। जिले में 15 इंग्लिश मीडियम स्वामी आत्मानंद स्कूल संचालित हैं।

राज्य सरकार के द्वारा प्रदेश के सभी आत्मानंद स्कूलों में शिक्षकीय और गैर शिक्षकीय स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी। इसी कड़ी में जिले में भी 3 साल से रुकी हुई शिक्षकों और गैरशिक्षकीय पद के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई। शिक्षा विभाग के द्वारा अभ्यर्थियों से इसके लिए आवेदन भी मंगाए गए और जैसे ही अंतिम तिथि सामने आई राज्य शासन ने इस पर रोक लगाते हुए केन्द्रीयकृत स्तर पर संविदा शिक्षकों की भर्ती करने का निर्णय लिया।

एक जुलाई के पूर्व भर्ती पूर्ण होने की जानकारी सामने आई थी। किन्तु अब तक शासन स्तर से भर्ती को लेकर न तो कोई निर्देश सामने आए हैं और न ही शिक्षा विभाग को कोई पत्र जारी किया गया है। हालांकि जिले में स्वामी आत्मानंद स्कूलों में रिक्त शिक्षक और गैर शिक्षकीय पदों की जानकारी जरुर मांगी गई है। विभाग के द्वारा इसकी जानकारी स्कूल शिक्षा विभाग को भेज दी गई है। किन्तु अब तक भर्ती को लेकर कोई निर्देश विभाग की ओर से नहीं आए हैं।

### कोरबी व पसान में शिक्षकों का संकट

जिले के कोरबी व पसान जैसे दूरस्थ इलाके में अंग्रेजी शिक्षा के लिए आत्मानंद स्कूलों की शुरुआत तो कर दी गई है। किन्तु इन दोनों स्कूलों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के साथ समान्य विषय के शिक्षकों की भी कमी बनी हुई है। दोनों ही क्षेत्रों के स्कूल के छात्रों ने चक्काजाम करने से लेकर जिला मुख्यालय तक दौड़ लगा चुके थे। हालही में शुरू की गई भर्ती प्रक्रिया से इन स्कूलों को शिक्षक मिलने की उम्मीद बंधी हुई थी। किन्तु शासन के निर्णय ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

### मिडिल स्कूल में मानदेय शिक्षक की दरकार

हाल ही में शिक्षा विभाग के द्वारा 30 जून तक मानदेय शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया पूरी करने की तैयारी की गई है। इसके लिए स्कूलों की सूची भी जारी की गई है। इन स्कूलों में कुछ ऐसे स्कूल हैं जहां विषय के शिक्षक नहीं हैं। उसके बावजूद महज दर्ज संख्या कम होने के कारण मानदेय शिक्षक की भर्ती नहीं की जा रही है। जबकि उक्त स्कूल के प्रधान पाठकों के द्वारा अंग्रेजी व गणित जैसे विषय के लिए मानदेय शिक्षकों की मांग की गई है। लेकिन सूची में ऐसे स्कूलों को भी दरकिनार कर दिया गया है। जबकि ऐसे स्कूल दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में आते हैं।

## खबर संक्षेप

### कबीर साहेब प्राकट्य उत्सव आज



**कोरबा।** संत शिरोमणि सदगुरु कबीर साहेब प्राकट्य उत्सव के उपलक्ष्य पर सदगुरु कबीर मानिक गुरु धाम बालको नगर कोरबा एवं संवेदना ब्लड सेंटर के संयुक्त तत्वधान में रक्तदान शिविर 29 जून की सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक सदगुरु कबीर मानिक गुरु धाम बालको नगर कोरबा रखा गया है।

### बालको लायंस क्लब का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**कोरबा।** साईं मंगलम होटल बालको में आयोजित यह भव्य शपथ ग्रहण समारोह सेवा, समर्पण एवं नेतृत्व की भावना से ओत-प्रोत रहा। लायन डॉ. लव कुमार साहू (अध्यक्ष), लायन सुशील मिश्रा (सचिव) एवं लायन अतुल (कोषाध्यक्ष) को लायंस क्लब बालकों के सत्र 2026–27 हेतु शपथ ग्रहण करने मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन विजय अग्रवाल, एमजेएफ लायन रिपुदमन पुसरी, पीएमजेएफ लायन पवन मलिक, एमजेएफ लायन अनिल अग्रवाल, लायन पवन अग्रवाल, पीएमजेएफ लायन राजकुमार अग्रवाल, एमजेएफ लायन राजेंद्र तिवारी, रीजन के विभिन्न क्लबों के पदाधिकारियों एवं लायंस क्लब बालकों के सभी सम्मानित लायन सदस्य उपस्थित थे।

### भाजपा मंडल हरदीबाजार के डिडोलभांठा में बैठक संपन्न

**हरदीबाजार।** भारतीय जनता पार्टी मंडल हरदीबाजार के मंडल अध्यक्ष कृष्णा पटेल , शक्ति केन्द्र प्रभारी पंकज धुवा एवं मुख्य वक्ता अजय कुमार दुबे के मार्गदर्शन में शक्तिकेंद्र धतुरा अंतर्गत नवीन बूथ क्रमांक 257 डिडोलभांठा की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात जगदीश कश्यप (मीडिया प्रभारी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा) ने राष्ट्रभक्ति गीत गाया। बैठक में पंकज ध्रुवा (शक्तिकेंद्र प्रभारी) ने नवीन बूथ कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का भाजपा संगठन रूपी परिवार में स्वागत किया। सर्वसम्मति से अशोक कश्यप को बूथ क्रमांक 257 डिडोलभांठा का बूथ अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता दुर्गेश कश्यप ने नवीन बूथ गठन की आवश्यकता, संगठन की मजबूती तथा बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक की अध्यक्षता मिरिद लाल कश्यप(वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता) ने की।

# लापता युवती का जंगल में मिला कंकाल, तहकीकात में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगभग 20 दिलों पूर्व एक 18वर्षीय युवती अपने घर से सर्वमंगला मंदिर जाने के नाम पर निकली थी। जिसके बाद वह वापस घर नहीं

**खास बातें**

- घटनास्थल पर जहर की मिली है शीशी
- बालको थाना क्षेत्र के सरायपाली सुखाडीह जंगल का मामला

लौटी थी परिजनों द्वारा आसपास क्षेत्र में काफी खोजबीन की गई लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद परिजनों ने इस मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की थी। जिसपर पुलिस ने गुम इंसान का मामला पंजीबद्ध किया था और उसकी कई दिनों तक खोजबीन की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया। इस बीच युवती का नर कंकाल जंगल में मिला है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर मामले की जांच शुरू कर दी है घटना स्थल से पुलिस को एक जहर शीशी भी मिली है। जिससे संभावना जताई जा रही है कि युवती ने संभवतः जहर खाकर आत्महत्या की है फिलहाल पुलिस मामले की तहकीकात शुरु कर दी है। जांच के बाद मामले से पर्दा उठ सकेगा।



युवती का कंकाल।

जानकारी के अनुसार कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत भैरवताल निवासी हरिराम धनवार की 18 वर्षीय पुत्री सपना धनवार 7 जून को अपने घर से सर्वमंगला मंदिर जाने के नाम पर निकली थी। जिसके बाद वह घर नहीं लौटी थी परिजनों द्वारा आसपास क्षेत्र में उसकी खोजबीन की गई लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला तो 10 जून को परिजनों ने इस मामले के लिखित शिकायत कुसमुंडा थाने में दर्ज कराई थी जिस पर पुलिस ने गुम इंसान का मामला दर्ज किया था। बताया जाता है कि इस बीच 15 जून को सपना धनवार अपनी बड़ी मां के घर बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरायपाली पहुंची थी इस बीच वह अपने उसे पैतृक घर का दरवाजा खोलने की कोशिश कर रही थी इस बीच उसकी बड़ी मां ने पहले अपने परिजनों से बात कर ताला खोलने की बात बोलकर ⏭ शेष पेज 3 पर

### मोबाइल टावर से बैटरी व सोलर केबल की चोरी

**कोरबा।** लेमरु थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अरेतरा स्थित सरकारी टेलीकॉम कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड के 4 जी सैचुरेशन प्रोजेक्ट टावर में हजारों के सामान की चोरी की घटना सामने आयी थी। टावर में कार्यरत तकनीशियन विक्रम कुमार बियार ने थाना लेमरू में रिपोर्ट दर्ज कराया है। तकनीशियन विक्रम कुमार बियार ने बताया कि 26 जून की रात लगभग 12.15 बजे टावर अचानक बंद हो गया था। सुबह 9.30 बजे मौके पर पहुंचने पर पाया गया कि टावर से बैटरी केबल, अर्थिंग केबल, सोलर केवल को अज्ञात चोर चोरी कर लिया गया है।

### शॉट सर्किट में झुलसी महिला, अस्पताल दाखिल



पीड़ित महिला

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत सतरेंगा में एक महिला झुलस गई, महिला को डायल 112 की मदद से जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है। जानकारी के अनुसार सतरेंगा गांव में एक घर में शॉर्ट सर्किट की चपेट में आने से महिला सुनीता कंवर पति राजेंद्र कंवर झुलस गई हैं। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना तत्काल डायल 112 को दी सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बहरहाल घटना किन परिस्थितियों में हुई है यह जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि शार्ट सर्किट कैसे हुई है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### करंट की चपेट में आया युवक, मौत

बिलासपुर। तिफरा स्थित ग्रेंड लोटस में टेंट का काम कर रहा युवक करंट की चपेट में आ गया। करंट इतना तेज था कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई। साथ में काम करने वाले युवकों ने उसे सिम्स ले कर गए लेकिन डाक्टर ने प्रारंभिक जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया है। सिम्स चौकी के अनुसार करंट लगने के बाद एक मृत युवक को सिम्स लाया गया था, बताया जा रहा है कि चांटीडीह निवासी रौशन होटलों में टेंट का काम करता है, वह तिफरा स्थित ग्रेंड लोट्स में लोहे के पाइप पर कपड़ा बांध रहा था, इस दौरान उसके साथियों ने टेबल लेने के लिए भेजा, लोहे को छूते ही उसे जोरदार करंट का झटका लगा, जिससे वह चिपक गया जब तक अन्य साथी उसे बचा पाते तब तक वह बेहोश हो गया था। उसे इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया, लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद दोपहर को मरच्यूरी में उसका पीएम किया गया और शव को पुलिस को सौंप दिया गया है। पुलिस इस मामले में जांच शुरू कर दी है।

### चोरीः दो नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार

**बिलासपुर**। मोबाइल व किराना दुकान में चोरी करने वाले दो नाबालिग सहित तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से 25 हजार का सामान जब्त किया गया है।सीपत पुलिस के अनुसार, 26 जून को मचखंडा निवासी प्रहलाद कुमार साहू पिता स्व. सोनू साहू 33 साल के मोबाइल व किराना दुकान में चोरों ने धावा बोलकर मोबाइल सहित अन्य सामान चोरी कर लिया था। मुखबिर की सूचना पर सरकण्डा बिजौर बिटुपारा निवासी सूर्यप्रकाश सूर्यवंशी पिता अंगद राम 18 साल व दो नाबालिग को गिरफ्तार कर चोरी के 5 नग मोबाइल कीपेड, 1 मोबाइल, 2 ब्लूटूथ स्पीकर, 3 ईयर बर्ड, प्लीप कव्हर, परफ्यूम, सिगरेट सहित 25 हजार का सामान जब्त कर लिया है।

### लालखदान ब्रिज पर युवक को बेल्ट से पीटा

बिलासपुर। बीती रात लालखदान ब्रिज पर बाइक सवार युवकों ने एक युवक के साथ हाथ मुक्का बेल्ट से जमकर मारपीट की गई है। पुलिस पीड़ित युवक से रिपोर्ट लिखाने कहती रही, किन्तु पीड़ित रिपोर्ट नहीं लिखाने की बात लिखित में देकर थाने से चला गया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, कपिल नगर निवासी हितेश पटेल 27 जून को तोरवा बस्ती दोस्त से मिलने जा रहा था। छठघाट के पास उसका दोस्त मिल गया। इसी दौरान तेज बारिश होने से दोनों रूक गए थे। बारिश बंद होने पर उसका दोस्त अपने घर चला गया और हितेश लालखदान चला गया। ओवरब्रिज से नीचे उतरने पर रास्ता भटक जाने पर वह बाइक मोड़कर लौट रहा था। ब्रिज के उपर बाइक सवार दो युवक आए और उसके साथ हाथ मुक्का से जमकर मारपीट की। सूचना पर तोरवा पुलिस मौके पर पहुंचकर युवक को इलाज के लिए अस्पताल लेकर गई। प्राथमिक इलाज के बाद उसे छुट्टी दे गई। पुलिस पीड़ित युवक को रिपोर्ट लिखाने के लिए मिन्नत करती रही, किन्तु युवक ने घटना की लिखित सूचना देकर रिपोर्ट नहीं लिखाने की बात लिखकर थाने से चला गया।

### जेल में एक बुजुर्ग कैदी की मौत से सनसनी

बिलासपुर। जेल में हत्या के बाद एक अन्य बुजुर्ग कैदी की मौत होने पर सनसनी फैल गई है। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।
सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सेंट्रल जेल में मुंगेली निवासी जनक राम पिता ईतवारी 61 साल हत्या के मामले में सजा काट रहा था। 28 जून को उसे गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया था। बताया जाता है उसे चोट आई थी। देर शाम इलाज के दौरान कैदी की मौत हो गई है। मृतक का शव मरच्यूरी में रखवा दिया गया है। सिविल लाइन पुलिस को सिम्स से मिले मेमो में गिरने से चोट लगने पर मौत होने का कारण लिखा हुआ है। सोमवार को परिजन की उपस्थिति में शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम किया जाएगा। ज्ञात हो कि इसके पहले 23 जून 2026 को केंद्रीय जेल के ई - 1 बैरक में लेटे पाक्सो एक्ट के बंदी कोटा दबनपुर निवासी नीलू जगत पिता देवलाल जगत 27 साल की तीहरे हत्याकांड की कैदी मुंगेली चमारी निवासी राजेश राय पिता हरि राय 40 साल ने सीमेंट के स्लैब से ताबड़तोड हमलाकर जघन्य हत्या कर दी थी। लगातार कैदियों के मौत से जेल के अंदर सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लग रहा है।

### जुआ खेलते पकड़े गए 6 जुआरी

बिलासपुर। पुलिस ने जुआ खेलते 6 जुआरियों को गिरफ्तार कर 16 हजार 500 रुपए जब्त किया है।
कोटा पुलिस ने घोंघाडीह नाला के पास दबिश देकर जुआ खेलते राजा रजक कोटा, आदित्य बंजारे कपसियाकाल, सूरज कश्यप कपसियाकला, नितेश साहू फिरंगीपारा कोटा, सोमनाथ शर्मा पुरानी बस्ती कोटा, कमलेश केंवट नेवरा निवासी को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से 16 हजार 500 रुपए जब्त किया गया है।

200 से अधिक स्कूल संचालकों को नोटिस | स्कूलों पर कोई नियंत्रण नहीं है, जिससे मनमानी फीस वसूली की शिकायतें

# कोई भी खोल सकता है प्ले स्कूल, इनके लिए गाइडलाइन न नियम, न पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में छोटे बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा के नाम पर बड़ी संख्या में प्ले स्कूल संचालित हो रहे हैं, लेकिन इनके संचालन को लेकर अब तक कोई स्पष्ट नियम, कानून या गाइडलाइन तय नहीं की गई है। न तो इन संस्थानों के लिए पंजीयन की अनिवार्यता है, न शिक्षकों की योग्यता तय है और न ही बच्चों की सुरक्षा एवं बुनियादी सुविधाओं को लेकर कोई मानक निर्धारित हैं। ऐसे में वर्तमान में कोई भी प्ले स्कूल खोलकर उसका संचालन शुरू कर सकता है। हालांकि जिले में संचालित प्ले स्कूलों पर अब शिक्षा विभाग ने सख्ती की बात कही है।

जिला शिक्षा विभाग ने 200 से अधिक स्कूल संचालकों को नोटिस जारी कर अनिवार्य रूप से प्ले स्कूल का पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों का पालन नहीं करने वाले स्कूलों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।दरअसल जिले में बड़ी संख्या में प्ले स्कूल संचालित हो रहे हैं, लेकिन अधिकांश स्कूलों ने अब तक स्कूल शिक्षा विभाग में पंजीयन नहीं कराया है। पंजीयन के अभाव में इन स्कूलों पर विभाग का कोई



नियंत्रण नहीं है, जिससे मनमानी फीस वसूली और नियमों के उल्लंघन की शिकायतें सामने आ रही हैं। इसी को देखते हुए शिक्षा विभाग ने कार्रवाई तेज की है। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद स्कूल संचालकों को नोटिस जारी कर पंजीयन अनिवार्य कर दिया है। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि पंजीयन प्रक्रिया में लापरवाही या टालमटोल करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

### नर्सरी स्कूलों की मान्यता का प्रावधान ही नहीं

ध्यान रहे कि हाईकोर्ट में भी यह मामला चल रहा है। पिछली सुनवाई में याचिकाकर्ता की तरफ से ने तर्क पेश किया था। हाईकोर्ट ने लोक शिक्षण संचालनालय को व्यक्तिगत शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया था। इसमें शपथपत्र पेश कर बताया गया कि नर्सरी से केजी-2 तक संचालित स्कूलों को मान्यता लेना अनिवार्य नहीं है। इस पर याचिकाकर्ता की तरफ से आपत्ति दर्ज करते हुए बताया कि, साल 2013 में राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार नर्सरी से केजी-2 तक की कक्षाएं संचालित करने वाले सभी गैर शासकीय स्कूलों को मान्यता प्राप्त करना अनिवार्य है। इसके बाद भी सरकार की ओर से लापरवाही की जा रही है।

### सरकारी सब्सिडी और नियमों की अनदेखी

हाईकोर्ट में दायर याचिका में यह भी कहा गया है कि यह प्ले स्कूल बिना मान्यता के चल रहे हैं और सरकारी सब्सिडी और नियमों की अनदेखी करते हुए मनमानी फीस वसूल कर रहे हैं। याचिका पर चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने पूर्व में स्कूल शिक्षा सचिव को हलफनामा के साथ बताने को कहा है कि, जब 2013 के सर्कुलर के अनुसार नर्सरी कक्षाएं भी मान्यता के दायरे में आती हैं, तो फिर बिना मान्यता स्कूल कैसे चलाए जा रहे हैं। हाईकोर्ट ने यह भी पूछा कि जब पहले ही कहा गया था कि जब तक इन स्कूलों को मान्यता नहीं मिल जाती, तब तक वे किसी नए छात्र को प्रवेश नहीं दे सकेंगे तो फिर एडमिशन कैसे हुए। हाईकोर्ट ने यह भी कहा है कि प्राइवेट स्कूल के मालिक बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं और खुद मर्सिडीज गाड़ियों में घूम रहे हैं। हाल यह है कि पान दुकान वाले भी बिना मान्यता के नर्सरी स्कूल चला रहे हैं।

### गुणवत्ता या सुरक्षा जांच का कोई तंत्र नहीं

गौरतलब है कि जिले सहित प्रदेश के अन्य शहरों में पिछले कुछ वर्षों में प्ले स्कूलों की संख्या तेजी से बढ़ी है। अधिकांश संस्थान प्री-नर्सरी, नर्सरी और जूनियर केजी के नाम पर दो से चार वर्ष तक के बच्चों को प्रवेश दे रहे हैं। अभिभावकों से हजारों रुपए फीस वसूली जा रही है, लेकिन इन संस्थानों की गुणवत्ता और सुरक्षा व्यवस्था की जांच के लिए कोई अधिकृत तंत्र मौजूद नहीं है। शिक्षा विशेषज्ञों का भी मानना है कि तीन से छह वर्ष की आयु बच्चों के बौद्धिक और मानसिक विकास की सबसे महत्वपूर्ण अवस्था होती है। इसके बावजूद इस क्षेत्र में नियामक (रेगुलेटरी) व्यवस्था का न होना चिंता का विषय है। यदि किसी प्ले स्कूल में सुरक्षा, भवन, स्टाफ या बच्चों के साथ व्यवहार संबंधी कोई शिकायत सामने आती है, तो कार्रवाई के लिए भी कोई स्पष्ट प्रावधान ही नहीं हैं।

### नहीं मिले हैं दिशा निर्देश

प्ले स्कूलों को लेकर अब तक शासन से कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं। शासन से गाइडलाइन मिलने पर उसी के अनुरूप आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा 200 से अधिक स्कूल संचालकों को नोटिस जारी कर अनिवार्य रूप से प्ले स्कूल का पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों का पालन नहीं करने वाले स्कूलों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

- रामेश्वर जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी

ट्रैफिक अमला चेकिंग में व्यस्त

# सरकण्डा क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार



सरकंडा स्थित गुप्ता जी डेयरी के पास बेतरतीब खड़ी वाहन।



मेडिकल के सामने सड़क पर रखा गिट्टी और ईंट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अरपापार सरकण्डा क्षेत्र की ट्रैफिक व्यवस्था भगवान भरोसे है। यहां सीपत चौक से नूतन चौक तक सड़क के दोनों किनारों पर वाहन खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे ट्रैफिक जाम होता है। नूतन चौक से अपोलो हास्पिटल चौक तक लगाई गई कई ट्रैफिक सिग्नल लाइट लोगों की मुसीबत का कारण बनी हुई है। इसके कारण लोगों का चलना मुश्किल हो गया है।

सीपत चौक से नूतन चौक तक दोनों ओर कतार से दुकानें बनी हुई हैं। दुकानों के सामने लोगों के चलने के लिए फुटपाथा बनाया गया है, जिस पर व्यापारी सामान सजा कर रख लेते हैं, खरीददारी करने आने वाले सड़क पर दोपहिया व चार पहिया वाहन खड़े कर खरीददारी करते हैं। सुबह से देर रात तक दोनों ओर आधी सड़क पर वाहन खड़े रहते हैं। जिससे पल पल में ट्रैफिकजाम होता है और लोगों को आवागमन करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**नगोई चौक में बिल्डिंग मटेरियल डंप**



व्यस्तम नगोई चौक में ट्रैफिक का दबाव अधिक रहता है। आलम यह है कि चौक पर बिल्डिंग मटैरियल सामान डंप कर रख दिया गया है। इसके चलते क्षेत्र के लोगों को आवागमन करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तीन ओर से वाहनों के प्रवेश करने से पल पल में चौक में ट्रैफिक जाम हो रहा है और जाम में फंसकर लोगों को पसीना बहाना पड़ रहा है।

### ट्रैफिक सिग्नल लाइट बनी मुसीबत

आरके पेट्रोल पंप के पास लगाई गई ट्रैफिक सिग्नल लाइट सबसे बड़ी मुसीबत बन गई है। ट्रैफिक सिग्नल में चारों ओर वाहनों की लंबी कतार लग रही है। चौक पर लेफ्ट साइड नहीं होने से मजबूरी में लोगों को खड़ा होना पड़ रहा है। सर्वाधिक परेशानी शाम को होती है। इस समय शासकीय संस्थानों में काम करने वाले व रोजी मजदूरी करने वाले एकसाथ लौटते हैं और चौक पर ट्रैफिक का दबाव अधिक बढ़ जाता है।

### ट्रैफिक अमला वाहन चेकिंग में व्यस्त

सरकण्डा क्षेत्र में सुगम यातायात व्यस्था बनाने के लिए पृथक से पेट्रोलिंग पार्टी रखी गई है। क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्था बनाना छोड़ कर अमला प्रतिदिन चिल्हाटी से मोपका बाइपास के वाहन खड़ी वाहनों को रोककर जांच करने में व्यस्त रहते हैं। क्षेत्र में ट्रैफिकजाम होने से अमला का कोई सहोकार नहीं रहता है।

### कार्रवाई की जा रही है

सरकण्डा क्षेत्र में नो पार्किंग में खड़े होने वाले वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की जा रही है। व्यवस्था बनाने चौक चौराहे पर जवानों की पाइंट ड्यूटी व पेट्रोलिंग पार्टी रखी गई है।

-रामगोपाल करियारे, ट्रैफिक एडीशनल एसपी

# स्कार्पियो में बकरा चोरी करने वाले जबलपुर के 6 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्कार्पियो में बकरी बकरी चोरी करने वाले जबलपुर के 6 लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया है। उनके पास से 1 लाख 50 हजार रुपए बिक्री रकम व वारदात में प्रयुक्त स्कार्पियो जब्त की गई है।

रतनपुर थाना प्रभारी विष्णु यादव ने बताया, 19 जून 2026 की रात चकराभाठा निवासी समन सिंह पैकरा के घर से 4 बकरे, 15 बकरी चोरी हो गई थी। पुलिस अपराध कायम कर चोरों की पतासाजी में जुट गई थी। पतासाजी के दौरान ग्राम कर्रा में डेरा लगाकर रहने वाले जबलबुर के लोगों से पूछताछ की गई। पहले तो वे लोग गोलमोल जवाब दे रहे थे। उनकी स्कार्पियो की जांच करने पर बकरे के बाल, कटे हुए पैर मिले। 6 लोगों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर समन सिंह पैकरा के घर से बकरी बकरी चोरी कर 1 लाख 75 हजार रुपए में बेचना स्वीकार कर लिया। उनकी निशानदेहीं पर 1 लाख 50 हजार रुपए बिक्री रकम बरामद की गई है। वे 25 हजार रुपए खर्च कर देना बता रहे हैं। पुलिस ने बिक्री रकम व स्कार्पियो जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



### पाली पुलिस ने की पूछताछ

बकरी बकरी चोरी करने के मामले में आरोपियों के पकड़े जाने की सूचना पर पाली पुलिस रतनपुर थाने आकर आरोपियों से पूछताछ की तो उन्होने पाली क्षेत्र में बकरी बकरी चोरी कर बेचना स्वीकार कर लिया है।

### पकड़े गए आरोपी

- बबलू पिता स्व. बदन खान 57 साल उमरिया गोरा बाजार जबलपुर
- अमूर खान पिता नत्थु खान 66 साल उमरिया जबलपुर
- अमीन खान पिता हकीम खान 41 साल उमरिया जबलपुर
- हबीम खान पिता दरबार खान 35 साल उमरिया जबलपुर
- शाहरूख खान पिता मशीन खान 22 साल उमरिया जबलपुर
- मोहम्मद अछ्छन पिता मोहम्मद इलियास 33 साल कर्रा रतनपुर

### रिटायर्ड शिक्षक से की 9 लाख की ठगी

कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने कोटा श्रीपारा निवासी रिटायर्ड शिक्षक रामनारायण सिंह पोर्ते से उनकी नवागांव चारापारा स्थित 3 एकड़ कृषि भूमि को खेती योग्य जमीन बनाने के लिए जेसीबी चलवाने के नाम पर 9 लाख रुपए ठगी करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से ठगी 9 लाख रुपए बरामद कर लिया है। रिटायर्ड शिक्षक से 23 जून को ठगी की गई थी। आलम यह है कि आरोपियों के पकड़े जाने व रकम बरामद होने के बाद कोटा पुलिस ने 27 जून को रिटायर्ड शिक्षक से ठगी होने की एफआईआर दर्ज किया है। आईजी के फरमान के बाद भी थानों रिपोर्ट नहीं लिखी जा रही है।

# दो मकानों से जेवर व 4.50 लाख नकद चोरी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर**। चोरो ने आतंक मचाते हुए दो मकानों में धावा बोलकर जेवर व 4.50 लाख रुपए नकद चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों को नहीं पकड़ पाई है।



पचपेड़ी पुलिस के अनुसार, ग्राम लोहर्सी निवासी कन्हैयालाल द्विवेदी 26 जून को दोपहर में मकान में ताला लगाकर बिलासपुर आ गए थे। दिनदहाड़े चोरों ने उनके मकान के दरवाजे का ताला तोड़कर आलमारी के लाकर से 4.50 लाख रुपए नकद चोरी कर लिया है। पड़ोसियों के अनुसार, दोपहर में उनके घर के पास बाइक सवार तीन लोग खड़े हुए थे, जो गांव के नहीं थे। इसी तरह ग्राम बिनौरी निवासी प्रमिला पति अश्वनी के घर 25 जून की रात बारात आई थी। 26 जून की सुबह उन्होने अपनी बेटी की विदाई करने के बाद सोने का हार, टाप्स निकालकर अपने आलमारी में साड़ी के नीचे दबाकर रख दिया और लॉक नहीं की। दूसरे दिन आलमारी खोलकर देखीं तो जेवर चोरी हो गई थी। पुलिस ने दोनों मामले में अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

# 14 गौ रक्षकों को न्याय दिलाने निकाली गई न्याय यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सर्व हिंदू समाज भगवा ब्रिगेड के तत्वावधान में शनिवार को बिलासपुर में गौ रक्षकों को न्याय यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में गौभक्तों, सामाजिक संगठनों एवं हिंदू समाज के लोगों ने भाग लेकर 14 गौ रक्षकों को न्याय दिलाने तथा स्वर्गीय भरत तिवारी की कथित फर्जी मुठभेड़ की निष्पक्ष जांच की मांग की।

न्याय यात्रा के दौरान वक्ताओं ने कहा कि गौ संरक्षण भारतीय संस्कृति एवं जनभावनाओं से जुड़ा विषय है। उन्होंने 14 गौ रक्षकों को दी गई आजीवन कारावास की सजा पर पुनर्विचार किए जाने तथा उन्हें विधि के अनुरूप राहत प्रदान करने की मांग की।यात्रा में स्वर्गीय भरत तिवारी को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। वक्ताओं ने उनके प्रकरण की निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं समयबद्ध जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि यदि जांच में किसी भी अधिकारी अथवा अन्य व्यक्ति की भूमिका एवं दोष सिद्ध होता है, तो उनके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के प्रासंगिक प्रावधानों के अंतर्गत विधिसम्मत कार्रवाई की जाए तथा उनके परिजनों को न्याय एवं शासन के नियमानुसार उचित सहायता उपलब्ध कराई जाए। न्याय यात्रा शहर के गांधी चौक से देवकीनंदन चौक तक निर्धारित मार्गों से होकर निकली।

# चोरी की पांच बाइक सहित दो युवक व 3 खरीददार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस ने चोरी की 5 बाइक सहित दो युवक व 3 खरीददारों को गिरफ्तार कर लिया है।



- सरकंडा थाने का मामला
- चोरों की पतासाजी में जुटी पुलिस

सरकण्डा क्षेत्र में बाइक चोरी की वारदात को देखते हुए पुलिस चोरों की पतासाजी में लगी हुई थी। टीआई प्रदीप आर्या को सूचना मिली सुजल दर्वे उर्फ रिंकू पिता पुनीलाल दर्वे 24 साल खाल्हेपारा मोपका निवासी चोरी की स्कूटी रखा है। उन्होंने स्टाफ के साथ सुजल को पकड़कर चोरी की स्कूटी बरामद कर ली। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपने एक साथी के साथ मिलकर पिछले दो साल में 5 बाइक चोरी कर बेचना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसके साथी सुरेन्द्र भुनेश्वर पिता छतलाल भुनेश्वर 22 साल मोपका निवासी व खरीददार भूपेंद्र वर्मा पिता बलिराम वर्मा 28 साल मोपका, सावन सूर्यवंशी पिता मनहरण सूर्यवंशी 22 साल घुरू अमेरी, अर्जुन वर्मा पिता मनोज वर्मा 18 साल मोपका भाटापारा निवासी को पकड़कर चोरी की 5 बाइक बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

एंटी स्नेयर वॉक के तहत स्टाफ कर रहे पेट्रोलिंग

# एटीआरः गेट बंद होने के बाद फंदे खोज रहा प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अचानकमार टाइगर रिजर्व में बारिश का मौसम शुरु होने के साथ ही बेरियर को बंद कर आवागमन में रोक लगा दिया गया है। इसके साथ ही वन्यप्राणियों की ब्रीडिंग के साथ ही शिकारियों के लगाए गए फंदे की खोजबीन करने के लिए एंटी स्नेयर वॉक के तहत स्टाफ ने पेट्रोलिंग शुरु कर दी है, ताकि वन्यप्राणियों के शिकार की घटना न हो सके।

एटीआर के कोर जोन में भ्रमण के लिए जिले के साथ प्रदेश और आसपास के क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में सैलानी पहुंचते हैं। कोर



जोन प्रवेश करने और भ्रमण कराने के लिए शिवतराई बैगा रिसार्ट के पास ही सैलानियों को जिप्सी की सुविधा भी मिलती है, जिसकी जिम्मेदारी प्रबंधन ने समिति के हाथों में सौंपकर रखी हुई है। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बारिश का मौसम शुरु होने के साथ ही शिवतराई के बेरियर के अलावा जिप्सी, महारानी और अन्य गाड़ियों के पहिए चार माह यानि अक्टूबर तक बंद कर दिए गए हैं। जिप्सी के चालक और स्टाफ को अचानकमार टाइगर रिजर्व में दूसरा कार्य सौंप दिया गया है। बारिश के मौसम में वन्यप्राणियों की ब्रीडिंग के अलावा सबसे अधिक खतरा शिकारियों से होता है। सैलानियों की भीड़ नहीं होने का फायदा उठाकर वन्यप्राणियों का शिकार किया जाता है। इसके लिए शिकारी करंट, फंदे और अन्य सामानों का उपयोग पहले से ही कर लेते हैं। बारिश के मौसम में चार माह तक जंगल के गेट को बंद करने के साथ ही एंटी स्नेयर वॉक के कार्य किए जाते हैं। इसमें विभाग की ओर से वन्यप्राणियों के अवैध शिकार को रोकने के लिए चलाया जाने वाला एक विशेष गश्ती फंदा हटाओ अभियान है।

### एंटी स्नेयर वॉक शुरु

बारिश का मौसम आते ही चार माह के लिए गेट बंद कर दिया जाता है। इस दौरान वन्यप्राणियों के ब्रीडिंग का समय रहता है, इसलिए गाड़ियों की आवाजाही पर रोक लगा दी जाती है। इसी तरह एनटीसीए के आदेशानुसार प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी एंटी स्नेयर वॉक यानि शिकारियों की ओर से फंदा व करंट के लिए बिछाए गए तार की खोजबीन का कार्य भी शुरु कर दिया गया है। इसमें स्टाफ के साथ ग्रामीणों का भी पूरा सहयोग लेकर जागरूक करने का भी काम किया जा रहा है।

-अभिनव कुमार, प्रभारी डिप्टी डायरेक्टर, एटीआर

### उधर सड़क मरम्मत, इधर शबरी सेतु पर लगा जाम

शिवरीनारायण। गिधौरी मार्ग पर सड़क मरम्मत कार्य शुरू होने के कारण रविवार को कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। शबरी सेतु पर भी वाहनों की लंबी कतार लगी रही। जाम में छोटे-बड़े वाहन काफी देर तक फंसे रहे, जिससे यात्रियों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। गौरतलब है कि यह मार्ग लंबे समय से जर्जर स्थिति में था। जगह-जगह बड़े गड्ढों और उखड़ी सड़क के कारण लोगों को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। खराब सड़क के चलते आए दिन दुर्घटनाएं होने के साथ-साथ वाहनों को भी नुकसान पहुंचता था। लगातार सड़क मरम्मत की मांग की जा रही थी। इस पर संज्ञान लेते हुए आखिरकार संबंधित विभाग ने सड़क मरम्मत का कार्य शुरू कराया है। रविवार 28 जून को मरम्मत कार्य शुरु होते ही मार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। शबरी सेतु पर भी वाहनों की लंबी कतार लगी रही। राहगीर कई घंटों तक जाम में फंसे रहे। वाहनों की कतार लगने से ट्रैफिक जाम के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। निर्माण कार्य के कारण फिलहाल लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन अधिकांश राहगीरों ने इसे भविष्य के लिए राहत देने वाला कदम बताया। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ समय की असुविधा के बाद अच्छी सड़क मिलने से सफर सुगम होगा, दुर्घटनाओं में कमी आएगी और छोटे-बड़े सभी वाहनों की आवाजाही पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित एवं सुविधाजनक हो जाएगी।

## खबर संक्षेप



### डीएसपीएम अस्पताल में दी गई खुराक

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व के मुख्य चिकित्सालय में 28 जून को राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान चलाया गया। जिसमें अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी सी पी जयसवाल द्वारा 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई। इस अवसर पर चिकित्सालय के सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

### रजगामार में पिलाई गई दवा



रजगामार में दो बूंद जिंदगी की पल्स पोलियो खुराक बच्चों को पिलाई गई। 0 से 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने अभियान के तहत रविवार को जगह-जगह व्यवस्था दी गई थी। जिसके तहत रजगामार के सामुदायिक भवन में क्षेत्र के बच्चों को दवा पिलाई गई जहां आंगनबाड़ी की सहायिका दुर्गा सारथी ने दवा पिलाई।

### ढेलवाडीह उपस्वास्थ्य केन्द्र



ढेलवाडीह उप स्वास्थ्य केंद्र में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य कर्मचारी एवं मितानिनों का सहयोग रहा।

### स्रोत संस्था ने लगाया शिविर



स्रोत संस्था द्वारा स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में पल्स पोलियो अभियान के तहत कोरबा के आईटीआई चौक सुभाष चौक घंटाघर एवं दर्री बाजार क्षेत्र में 604 बच्चो को पोलियो ड्राप पिलाई गई। स्रोत संस्था अध्यक्ष डिक्सन मसीह एवं सदस्य ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### माँ सर्वमंगला मंदिर घाट में हसदेव आरती आज

**कोरबा।** नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा जिले की जीवनदायिनी हसदेव नदी के संरक्षण, स्वच्छता और जनजागरूकता के उद्देश्य से प्रत्येक पूर्णिमा पर आयोजित की जाने वाली हसदेव आरती का आयोजन इस माह 29 जून को किया जाएगा। यह धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम सायं 6 बजे माँ सर्वमंगला मंदिर घाट, कोरबा में आयोजित होगा। समिति के अनुसार हसदेव नदी, उसकी सहायक नदियों तथा जिले के अन्य प्राकृतिक जल स्रोतों में बढ़ते प्रदूषण को कम करने, उनके संरक्षण को बढ़ावा देने तथा नदी तटों के सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह की पूर्णिमा को माँ सर्वमंगला मंदिर घाट पर हसदेव आरती का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक शामिल होते हैं। समिति ने बताया कि ज्येष्ठ पूर्णिमा के शुभ अवसर पर आयोजित होने वाली इस बार की हसदेव आरती में विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य नागरिक यजमान के रूप में शामिल होंगे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### लापता युवती...

उसे फटकार लगाई थी। जिसके बाद सपना धनवार वहां से भी चली गई थी। इस बीच रविवार की देर शाम ग्रामीणों की नजर सरायपाली सुखाडीह के जंगल में एक नर कंकाल पर पड़ी तो नर कंकाल मिलने की सूचना पर बालको थाना प्रभारी युवराज तिवारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे जहां उसके शिनाख्ती लापता सपना धनवार के रूप में की है। बालको थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने बताया कि पुलिस ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया है। घटना स्थल पर जहर की शीशी बरामद की गई है। संभवतः युवती ने जहर खाकर आत्महत्या की है। हालांकि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस विभिन्न एंगलों से मामले की जांच कर रही है।

## बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर मंत्री लखन लाल ने किया राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

# जिले के पौने दो लाख बच्चों को पोलियो की पिलाई खुराक



पोलियो ड्रॉप पिलाकर शुभारंभ करते उद्योग मंत्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ जिले में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने रानी धनराज कुंवर शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कोरबा में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाकर किया। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, पार्षद नरेन्द्र देवांगन एवं पार्षद श्रीमती रूबी सागर सहित जनप्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**खास बात**

- 1578 बूथों पर चलाया गया विशेष अभियान

इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के प्रथम चरण के शुभारंभ पर सभी नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए आमजन एवं जनप्रतिनिधियों से अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील की। उन्होंने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक माता-पिता का यह दायित्व है कि वे अपने जन्म से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद अवश्य पिलाएं। उन्होंने कहा कि यह अभियान बच्चों के स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसमें किसी भी बच्चे का छूटना नहीं चाहिए। मंत्री श्री देवांगन ने बताया कि जिले में आज 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 1 लाख 72 हजार 423 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जिलेभर में 1578 पल्स पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं, जहां स्वास्थ्य विभाग की प्रशिक्षित टीमों द्वारा बच्चों को दवा पिलाई जा रही है। इसके अलावा गांवों, पारा-मोहल्लों, वार्डों, बाजारों, चौक-चौराहों एवं हाट-बाजारों में भी विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि कोई भी बच्चा इस अभियान से वंचित न रहे।

### कृष्णा नगर दीपका में आयोजित हुआ पल्स पोलियो अभियान

वार्ड क्रमांक 7 कृष्णा नगर (दीपका) में पल्स पोलियो अभियान का आयोजन किया गया। इस महाअभियान का शुभारंभ वार्ड की पार्षद श्रीमती शांति मदन राजपूत द्वारा नन्हे-मुन्ने बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर किया गया अभियान के तहत कुल 112 बच्चों व शिशुओं को दवा पिलाकर उन्हें इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित किया गया। रविवार सुबह से ही स्वास्थ्य विभाग की टीम और मितानिनों ने मोर्चा संभाल लिया था मितानिन अनुसुईया सिस्टर नीलिमा और नीलम ने अपनी पूरी टीम के साथ वार्ड क्रमांक 7 के घर-घर और बूथ पर मुस्तैदी दिखाई अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाते हुए टीम ने 112 बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई टीम के सदस्यों ने कहा कि बच्चों के सुनहरे भविष्य और उनकी सेहत की मजबूती के लिए इस तरह के राष्ट्रीय महत्व के कार्यों में अपनी भूमिका निभाना उनके लिए गर्व और कर्तव्य की बात है। इस अवसर पर वार्ड पार्षद शांति मदन राजपूत ने वार्ड की जनता के प्रति अपना आभार और संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कृष्णा नगर मेरा परिवार है और यहाँ के हर नागरिक की सुख-सुविधा व स्वास्थ्य का ध्यान रखना मेरा पहला कर्तव्य है।



### कोरबा पश्चिम में 191 बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक



हसदेव ताप विद्युत संयंत्र कोरबा पश्चिम में मुख्य अभियंता एचके. सिंह एवं संकल्प महिला मंडल की अध्यक्ष रूक्मणी सिंह द्वारा राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। कोरबा पश्चिम स्थित विभागीय चिकित्सालय, कालोनी के शॉपिंग सेंटर सहित मोबाइल यूनिट के माध्यम से राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान में कुल 191 बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलाई गई। इस मौके पर मुख्य अभियंता एचके. सिंह ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि पल्स पोलियो उन्मूलन भारत सरकार का महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान है। इसमें सभी नागरिकों का सहयोग ही इसे सफल बनाएगा और 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक अवश्य दिलानी चाहिए। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता एमके. गुप्ता ने अपनी धर्मपत्नी अभिलाषा गुप्ता के साथ बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाई।

### अखबार वितरक संघ ने लिया हिस्सा

रामसागरपारा वार्ड क्रमांक 1 बूथ क्रमांक 174 पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। इस अभियान में वार्ड क्रमांक-1 की मितानिन श्रीमती विमल जगत, कृष्णा कुशवाहा, पुष्पा मिरी, महेंद्र सिंह, छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के सदस्यों द्वारा सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी ने अभिभावकों को पोलियो उन्मूलन के प्रति जागरूक करते हुए प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाने का संदेश और चॉकलेट का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष पदम सिंह चंदेल, जिला अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू, जिला सचिव जय सिंह नेताम, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राठौर, मीडिया प्रभारी रामायण सिंह (रामा), प्रवक्ता अनिल गिरी, राजकुमार पटेल, दिलीप यादव, राहुल, विजय, दीपक, रंजन ओंकार, हर्ष नेताम सहित अन्य सदस्य ने अभियान को सफल बनाने हेतु समर्पित भाव से सहयोग किया।




### बेलाकछार में पिलाई गई दवा

बेलाकछार बालको में पल्स पोलियों की खुराक बच्चों को पिलाई गई। 0 से 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने अभियान के तहत रविवार को जगह-जगह व्यवस्था दी गई थी। जिसके तहत बेलाकछार के आंगनबाड़ी में क्षेत्र के बच्चों को दवा पिलाई गई। जहां आंगनबाड़ी की सहायिका सरोज मितानिन सुशीला देवांगन ने दवा पिलाई।





### हरदीबाजार में पिलाई गई पोलियो की दवा

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाई गई। हरदीबाजार भाटापारा के आंगनबाड़ी में आसपास के 0 से 5 वर्ष के बच्चों को श्रीमती शारदा राठौर व शिव कुमारी राज के द्वारा पल्स पोलियो के दौरान बच्चों को दवा पिलाया गया।

### आंगनबाड़ी केन्द्र में पिलाया गया पोलियो ड्रॉप

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत नगर पालिका कटघोरा के वार्ड 03 के आंगनबाड़ी केन्द्र में कार्यकर्ता एवं सहायिका ने 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक देकर अपनी सहभागिता निभाई। वैसे तो पूरा भारतवर्ष पोलियो मुक्त राष्ट्र बन चुका है फिर भी कई देश मे अभी भी पोलियो युक्त बच्चे देखे जा सकते है।सुरक्षा की इसी कड़ी में प्रत्येक बार बच्चों को दो बूंद दवा देकर सुरक्षित रखने का जिम्मा उठाया जाता है।



### संगम नगर में हुआ आयोजन



संगम नगर बालको मे पल्स पोलियो की खुराक बच्चों को पिलाई गई। 0 से 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने अभियान के तहत रविवार को जगह-जगह व्यवस्था दी गई। जिसके तहत संगम नगर के सामुदायिक भवन में क्षेत्र के बच्चों को दवा पिलाई गई जहां आंगनबाड़ी की सहीका लक्ष्मीन देवांगन ने दवा पिलाई।

# ओमपुर सोसायटी भवन निर्माण कार्य के स्थान को लेकर विवाद



निर्माणाधीन भवन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम पंचायत रजगामार के आश्रित ग्राम ओमपुर में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान (सोसायटी भवन) निर्माण कार्य के स्थान को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया है। इस संबंध में ग्राम पंचायत रजगामार की उपसरपंच श्रीमती पूनम चौरसिया, उषा देवी कुर्रे जनपद सदस्य रजगामार सहित ओमपुर सोसाइटी से प्रभावित वार्ड पंच श्रीमती पुष्पा सिंह मरावी, श्रीमती शारदा उइके, आमदन के पांच चरण कुंवर अगरिया, राधाबाई, अज्ञात यादव, अर्चना चौहान सहित ग्रामीणों ने जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आवेदन देकर निर्माण कार्य को ओमपुर मेन क्लब परिसर में कराने की मांग की है।

आवेदन में बताया गया कि ओमपुर में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान खोलने की स्वीकृति जिला प्रशासन ने पिछले कार्यकाल में जनता एवं जनप्रतिनिधियों के मांग पर तत्कालीन सरपंच श्रीमती रामूला राठिया ने कलेक्टर को पत्र लिखकर ओमपुर में शासकीय उचित मूल्य की दुकान खोलने एवं भवन निर्माण कार्य के लिए स्वीकृति प्रदान करने की मांग की गई थी प्रशासन ने इस विषय को संज्ञान में लेकर ओमपुर में नवीन शासकीय उचित मूल्य की दुकान खोलने की स्वीकृति प्रदान की एवं भवन निर्माण कार्य को भी स्वीकृति दी थी, किंतु सरपंच हरि सिंह राठिया एवं सचिव भारत लाल श्रीवास द्वारा वार्ड ओमपुर सोसाइटी के प्रभावित वार्ड क्रमांक 11 से 20 तक 10 वार्ड पंचों एवं आमाडाड वार्ड सहित ग्राम के लगभग 15 पंच की सहमति के बिना ग्रामीणों के मांग के विपरीत भवन निर्माण का कार्य छुईडोढा स्कूल के पिछे किसान के निजी भूमि में निर्माण कराया जा रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी खगेश कुमार निर्मलकर ने ग्राम पंचायत रजगामार के सरपंच एवं सचिव को पत्र जारी कर निर्देश दिया है कि उक्त निर्माण कार्य की औचित्यपूर्ण जांच एवं प्रतिवेदन प्राप्त होने तक निर्माण कार्य प्रारंभ न किया जाए। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि आगामी आदेश जारी होने के बाद ही निर्माण कार्य कराया जाएगा।

# हजारों लोगों ने लिया नशामुक्ति का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला प्रशासन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर 17 से 26 जून तक आयोजित नशामुक्ति शपथ एवं जनजागरण अभियान के अंतर्गत ब्रह्माकुमारीज कोरबा सेवा केन्द्रों द्वारा जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, औद्योगिक क्षेत्रों एवं ग्रामीण अंचलों में व्यापक स्तर पर नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस अभियान के अंतर्गत पाली क्षेत्र में 79 जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुए। वहीं गेवरा के विभिन्न कोल परियोजना क्षेत्रों, कोरबा के सेंट जेवियर्स स्कूल, साउथ ईस्टर्न रेलवे स्कूल, ब्रह्माकुमारीज विश्व सद्भावना भवन, टी.पी. नगर, गेरवाघाट स्थित आध्यात्मिक ऊर्जा पार्क, तुलसी नगर सहित अनेक स्थानों पर नशामुक्ति शपथ एवं जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त जिले के अनेक ग्रामीण अंचलों में भी विशेष जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। कार्यक्रमों के दौरान ब्रह्माकुमारी बहनों एवं भाईयों ने नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और पारिवारिक हानियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति की प्रतिभा, स्वास्थ्य और परिवार की खुशियों को नष्ट कर देता है, जबकि आध्यात्मिक ज्ञान, राजयोग ध्यान और नैतिक मूल्यों पर आधारित जीवन व्यक्ति को आत्मबल, सकारात्मक सोच और सही निर्णय लेने की शक्ति प्रदान करता है। सभी को तनावमुक्त एवं नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया गया। अभियान के दौरान विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं, कर्मचारियों, औद्योगिक कर्मियों एवं ग्रामीणों सहित हजारों लोगों ने नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया। सभी ने शपथ ली कि वे स्वयं किसी भी प्रकार के नशे का सेवन नहीं करेंगे, अपने परिवार को नशे से दूर रखेंगे तथा समाज में भी नशामुक्ति के प्रति जनजागरण फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।



स्मृतिचिन्ह भेंट करते हुए ब्रम्हाकुमारी के सदस्य।

# धनीराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल में शिक्षकों को दी गई रोबोटिक्स ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने की दिशा में दनीराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल, बरपाली ने एक सराहनीय पहल करते हुए अपने शिक्षकों के लिए रोबोटिक्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को नवीनतम तकनीकी ज्ञान से सशक्त बनाना है, ताकि वे विद्यार्थियों को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण एवं प्रायोगिक शिक्षा प्रदान कर सकें। विद्यालय पहले से ही स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर शिक्षा और तकनीक-आधारित शिक्षण को बढ़ावा देता है।

प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों ने रोबोटिक्स की मूल अवधारणाओं, सेंसर, प्रोग्रामिंग, ऑटोमेशन तथा प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण के विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। अब शिक्षक इन तकनीकों को कक्षा में लागू कर विद्यार्थियों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (STEM) शिक्षा से जोड़ सकेंगे। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि आने वाले समय में विद्यार्थियों के लिए भी रोबोटिक्स की नियमित कक्षाएं एवं प्रायोगिक गतिविधियां प्रारंभ की जाएंगी। इससे बच्चों में तार्किक सोच, समस्या समाधान क्षमता, रचनात्मकता और नवाचार की भावना का विकास होगा तथा वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। विद्यालय के चेयरमैन ने कहा कि आज का युग तकनीक और नवाचार का है। इसलिए बच्चों को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित न रखकर उन्हें भविष्य की तकनीकों से परिचित कराना समय की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से शिक्षकों को पहले प्रशिक्षित किया गया है ताकि वे विद्यार्थियों तक उच्च गुणवत्ता वाली तकनीकी शिक्षा पहुंचा सकें। विद्यालय की शिक्षा-दृष्टि भी शिक्षकों के निरंतर विकास और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों पर बल देती है।



शिक्षकों को प्रशिक्षण देते हुए।

## कोरबा मार्केट

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ)
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
07759-222211, 9993000683, 9109488443, 9425558441
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

विद्यार्थी बचत योजना
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, MCom, Msc, PET, NEET की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये।
विद्यार्थी बुक डिपो
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### ड्रेगन मार्शल आर्ट एकेडमी में सम्पन्न हुआ कलर बेल्ट एग्जाम 2026

**कोरबा।** जिला कोरबा कराते डू स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आज दिनांक 28/06/2026 रविवार को ड्रेगन मार्शल आर्ट एकेडमी में जिसमें येलो बेल्ट, ऑरेंज बेल्ट और ग्रीन बेल्ट का एग्जाम सम्पन्न हुआ । जिसमें डीएमसी के कुल 50 खिलाड़ियों ने भाग लिया तथा उत्कृष्ट प्रतिभावान खिलाड़ियों ने काता,कुमीते,और डेमो फाइट्स का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया । जिसमें मुख्य पर्यवेक्षक प्रेमराज बंजारे ( NIS) कोच ब्लैक बेल्ट 3rd डॉन के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश में सम्पन्न हुआ । जिसमें येलो बेल्ट में याशिका राठौर , इच्छा राठौर , वंश राठौर, खुशाल राठौर, तृषा गढ़वाल, गौरांश उरांव, अफीफा फातमा,विभा मिश्रा, आर्यन सिंह, चिन्मय साहू, अंश चंद्रा , समर्थ अग्रवाल, मोनिश कंवर, आराध्या खुंटेश्वर,जहां मानिकपुरी, योहांश जोशी, कृशिका यादव , ऑरेंज बेल्ट - शिवांश सोनी, गौरी कर्ष,यांश कर्ष, अनुप्रीत सिन्हा,ग्रीन फ्रांसिस कुजूर, मो फरहान रजा, संपदा सक्सेना,बेल्ट - जिसमें जिला कोरबा कराते डू स्पोर्ट्स के अध्यक्ष अविनाश बंजारे, उपाध्यक्ष एवं डीएमसी डायरेक्टर अजीत कुमार शर्मा,टेक्निकल डायरेक्टर रूपेश सिंह , सहायक कोच अनुज अग्रवाल,महिला कोच प्रीति चौहान ,देवराज गोगई, अनीश कुमार खरे, हार्दिक दुरेजा, मुस्कान जायसवाल, मो आरिफ, शेन एलेक्स, हर्ष यादव,आदि उपस्थित थे ।

### छत्तीसगढ़ केवट निषाद समाज ने मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान



**कटघोरा।** गायत्री धर्मशाला, कटघोरा में केवट समाज कटघोरा द्वारा विद्यार्थी प्रोत्साहन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम की शुरूआत इष्ट देव श्री राम के चरणों में समाज के पदाधिकारियों, उपस्थित मातृशक्तियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की सफल शुरुआत की। उपस्थित जिला के पदाधिकारियों का स्वागत इकाई कटघोरा के पदाधिकारियों के द्वारा तिलक लगाकर श्री फल देकर किया गया। अजीत केवट पूर्व जिला अध्यक्ष एवं संरक्षक जिला समिति के द्वारा समाज में एकता के महत्व को बताया गया। अगर समाज में एकता होगी तो हमारा समाज मजबूत होगा ऐसा मार्गदर्शन किया गया एवं मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए ऐसे ही आगे बढ़ते हुए समाज का नाम रोशन करे ऐसा आशीर्वचन प्रदान किया गया। राम कुमार महासचिव बिलासपुर संभाग के द्वारा समाज के लोगों को संबोधित करते हुए सभी पालकों को बधाई दी गई। कार्यक्रम में समाज के कक्षा नर्सरी से कक्षा बारहवीं तक के 80 प्रतिशत अंक से अधिक लाने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र, कॉपी पेन पेंसिल देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

### छुईहापारा में न्यौता भोजन के साथ हुआ शाला प्रवेशोत्सव



**हरदीबाजार।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय छुईहापारा, संकुल कटसीरा विखं कटघोरा में छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग के अनुरूप ब्रम्हानंद राठौर प्रधानपाठक के नेतृत्व में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र का पूजन किया गया और सभी नवप्रवेशी 6वीं के छात्रों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं एक सेट गणवेश तथा पेन एवं फूलों के द्वारा सभी बच्चों का हस्त प्रिंट लेकर स्वागत गीत के साथ प्रवेश दिलाया गया। उक्त कार्यक्रम के स्वागत भाषण में प्रधानपाठक ब्रम्हानंद राठौर द्वारा शाला प्रवेशउत्सव के महत्व, विद्यालय का वार्षिक रिपोर्ट, छत्तीसगढ़ सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा निःशुल्क विभिन्न योजनाओं निःशुल्क शिक्षण, गणवेश वितरण, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, प्रधानमंत्री पोषणशक्ति योजना, सायकल वितरण, छात्रवृति ,कन्या प्रोत्साहन योजना, विभिन्न खेल सामग्री वितरण आदि के बारे में विस्तार से बताया गया और कहा गया कि विद्यालय बच्चों के लिये शिक्षा के साथ भयमुक्त वातावरण निर्माण करता है साथ ही शिक्षा एवं सर्वागीण विकास के लिए विविध माहौल बनाता है जिससे एक छात्र देश का श्रेष्ठ नागरिक बनकर निकले। साथ ही थोड़ा सहयोग मैं भी कर सकता हूँ प्रधानपाठक द्वारा विद्यालय विकास के लिए चलाया जा रहा सामुदायिक सहभागिता के लिए पालको से अपील किया गया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती फगुनिया बाई ने सभी बच्चों को अच्छे से पढ़ने एवं रोज विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया।

# सेटेलाइट अलर्ट और त्वरित कार्रवाई से इस साल कोरबा वनमंडल में आधी हुई आग की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

गर्मी के सीजन में हर साल जंगल में आगजनी की घटना सामने आती है। इस साल भी जंगल में आगजनी की घटना सामने आयी लेकिन कोरबा वन मंडल में सेटेलाईट अलर्ट और वन विभाग की टीम ने त्वरित कार्यवाही की जिसके चलते जंगल में आगजनी की घटना लगभग आधे के करीब हो गई। निश्चित तौर पर वन विभाग बेहतर काम करते हुए आगजनी की घटना को रोकने में सफलता हासिल की है। कोरबा वन मंडलाधिकारी प्रेमलता यादव के निर्देश पर इस बार भी जंगल में आगजनी की घटना को रोकने के लिए एसडीओ एसके सोनी व उनकी पूरी टीम ने वन विभाग के सुनियोजित प्रयासों, आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल और जन-जागरूकता के समन्वय से इस वर्ष वन अग्नि की घटनाओं में 46 प्रतिशत से अधिक की कमी दर्ज की है। एसडीओ एसके सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत वर्ष 2025 के अग्नि सीजन में जहाँ कोरबा वनमंडल के अंतर्गत कुल 404 वनाग्नि की घटनाएं सामने आई थीं, वहीं इस वर्ष (2026) कड़े प्रबंधन के चलते यह आंकड़ा सिमटकर मात्र 219 रह गया। वनमंडल अंतर्गत आने वाले सभी छह वन परिक्षेत्रों के संवेदनशील, अति-संवेदनशील एवं मध्यम संवेदनशील क्षेत्रों में विभाग ने आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाने में सफलता हासिल की है।

## वर्ष 2025 में 404 घटनाओं के मुकाबले वर्ष 2026 में 219 प्रकरण दर्ज





### इन रणनीतियों और प्रयासों से मिली बड़ी कामयाबी

एसडीओ एसके सोनी ने बताया कि सैटेलाइट सिस्टम और एसएमएस अलर्ट आधुनिक तकनीक का लाभ उठाते हुए विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के मोबाइल नंबरों को भी सीधे सैटेलाइट सिस्टम से जोड़ा गया। वनाग्नि घटना का अलर्ट मिलते ही तुरंत एसएमएस के माध्यम से सूचना पहुंचाई गई, जिससे त्वरित रिस्पांस संभव हो सका। चौबीसों घंटे वनमंडल स्तरीय एवं परिक्षेत्र स्तरीय स्ट्राइक फोर्स और विभागीय कर्मचारियों की विशेष टीमें गठित की गईं, जिन्होंने दिन और रात के समय लगातार सघन गश्त कर आग की घटनाओं को फैलने से रोका। त्वरित रिस्पांस टीम, संयुक्त वन प्रबंधन समितियों वन अग्नि प्रहरियों और स्थानीय ग्रामीणों के सक्रिय और साझा सहयोग से हर छोटी-बड़ी आग पर तत्काल काबू पाया गया।

## जमीन विवाद के कारण शुरु नहीं हो पा रहे नए भवन के काम

# शासकीय भवन निर्माण के पहले लेना होगा राजस्व विभाग से नक्शे व खसरे की नकल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अब किसी भी शासकीय भवन के निर्माण के पूर्व राजस्व विभाग से जमीन के खसरे और नक्शे की नकल लेना अनिवार्य किया गया है। जमीन विवादों की वजह से शासकीय भवनों के निर्माण में आ रही आपत्तियों के कारण उक्त व्यवस्था लागू की गई है। वर्तमान में आंगनबाड़ी भवन एवं गोधाम निर्माण के दौरान जमीन विवाद के मामले न्यायालय तक पहुंच गए हैं। जिसकी वजह से निर्माण कार्य भी रुका हुआ है।

**खास बात**

- आँगनबाड़ी केन्द्र सहित गोधामों के निर्माण के समय आयी थी आपत्तियां

जिले के ग्रामीण अंचलों में में इस समय खनिज न्यास मद से आंगनबाड़ी भवन, पीडीएस भवन, गोधाम निर्माण के दौरान जमीन विवाद के मामले सामने आने के कारण उक्त भवन के निर्माण कार्य रोक दिया गया है। विशेषकर ग्रामीण अंचलों में चारागाह या राजस्व विभाग की जमीन पर निर्माण के लिए पंचायत के द्वारा प्रस्ताव दिया जाता है। किन्तु जैसे ही निर्माण एजेंसियां लेआउट के अनुसार निर्माण कार्य शुरू करने पहुंचती हैं तो कुछ ग्रामीणों के द्वारा जमीन पर दावा कर आपत्तियां लगा दी जाती हैं और न्यायालय में मामला दर्ज करा दिया जाता है। जिसकी वजह से निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाते और उक्त कार्य के लिए स्वीकृति राशि निर्माण एजेंसियों के खातें में पड़ी रहती है जिसका उपयोग नहीं हो पाता। वहीं दूसरी ओर शासकीय भवनों की सुविधाओं से ग्रामीण वंचित हो जाते हैं। स्थिति यह रहती है पिछले वर्ष के स्वीकृत हुए कार्य महज जमीन विवाद की वजह से आज तक शुरू नहीं हो सके हैं। ऐसे विवादित मामलों की जानकारी भी तैयारी की जा रही है। ताकि जमीन विवाद का निपटारा कर इन कार्यों को शुरू कराया जा सके।



फाइल फोटो

### कहीं वन भूमि तो कहीं चारागाह की जमीन

निर्माण कार्य के दौरान ग्रामीण जब अपनी आपत्ति दर्ज कराते हैं तो कहीं निजी भूमि बता दिया जाता है तो कहीं वन भूमि। कहीं पंचायत के द्वारा चारागाह के लिए प्रस्तावित जमीन बता दी जाती है। इन तीनों प्रकार की जमीनों का मामला सामने आने के बाद निर्माण कार्य ठप हो जाता है। वन भूमि में अधिकार पत्र दिए जाने से इस तरह के मामले और ज्यादा बढ़े हैं। जिनका निपटारा पंचायत स्तर पर नहीं हो पा रहा है।

### एसडीएम न्यायालय में गोधाम का मामला

राज्य सरकार के द्वारा जिले में 3 गोठानों को गोधाम बनाए जाने की स्वीकृति दी थी। पशु चिकित्सा विभाग ने इसकी प्रक्रिया शुरू करते हुए स्वयं सेवी संस्थाओं से आवेदन मंगाये और मापदंडों पर खरा उतरने वाली संस्थाओं को गोठानों को जैसे ही हैंडओवर करने की प्रक्रिया शुरू की, ग्रामीणों ने आपत्ति शुरू कर दी। 3 गोधामों में महज एक शुरू हुआ है, जबकि 2 गोधाम जमीन विवाद और ग्रामीणों की आपत्ति की वजह से शुरू नहीं हो सके और इनके मामले एसडीएम न्यायालय में चल रहे हैं।

# अनियंत्रित हो पलटा मालवाहक वाहन, चालक गंभीर



दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पसान थाना क्षेत्र में घटित एक सड़क हादसे में एक मालवाहक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में वाहन चालक गंभीर घायल हो गया, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल चिकित्सालाय पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार अलसुबह लगभग 7:30 बजे एक मालवाहक वाहन ग्राम लैगा के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान सड़क पर अचानक आए एक तीखे मोड़ पर चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। देखते ही देखते वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। उक्त घटित हादसे में वाहन चालक को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों और ग्रामीणों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया। घायल वाहन चालक को वाहन से बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार के लिए लैगा चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। वहीं इस मामले को लेकर पसान थाना प्रभारी सीपी खांडे ने बताया कि चालक को मामूली चोट आई थी। मामले की शिकायत थाने में दर्ज नहीं करायी गई है।

# 6 माह पहले हुई थी शादी, नवविवाहित ने जहर खाकर कर ली की खुदखुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 19 वर्षीय युवती की 6 माह पहले सामाजिक रीति रिवाज के साथ शादी हुई थी। ना जाने ऐसा क्या हुआ कि नवविवाहिता ने घर में रखे कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था। जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों को पता चला, जिसके बाद परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था जहां इलाज के दौरान नवविवाहिता की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर मामले की शव को परिजनों के सुपुर्द कर जांच शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिला सक्ति के ग्राम अड़भार निवासी राहुल गभेल की शादी 6 माह पूर्व आरती गभेल से हुई थी। बताया जाता है कि 26 जून को आरती ने अपने घर में रखें किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था। जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो उसके ससुराल वालों को पता चला कि उसने घर में रखें किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया है। जिसके बाद परिजनों ने उसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया था जहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल हॉस्पिटल कोरबा रेफर कर दिया था। जहां पिछले दो दिनों से उसका उपचार चल रहा था और उपचार के दौरान आरती गभेल की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर मामले की जांच शुरू कर दी है। नव विवाहिता ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# धनवारपारा में महापौर ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



मन की बात का श्रवण करते महापौर एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 135वें संस्करण का सामूहिक श्रवण रविवार को निगम के वार्ड क्रमांक-5 धनवार पारा में किया गया। कार्यक्रम में महापौर संजू देवी राजपूत विशेष रूप से शामिल हुईं और वार्डवासियों के साथ प्रधानमंत्री का संबोधन सुना।

धनवारपारा स्थित बूथ पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा के पदाधिकारियों तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा देशभर में हो रहे सकारात्मक कार्यों, जनभागीदारी और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर रखे गए विचारों को उपस्थित लोगों ने ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर महापौर संजू देवी राजपूत ने कहा कि मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों को प्रेरित करने वाला सशक्त संवाद है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी समाज में हो रहे नवाचारों, जनसेवा और सकारात्मक प्रयासों को देश के सामने लाकर लोगों को प्रेरित करते हैं। उनकी प्रेरणा से कोरबा नगर निगम भी स्वच्छता, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों को प्रभावी रूप से आगे बढ़ा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने भी प्रधानमंत्री के संदेशों को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि मन की बात समाज में सकारात्मक सोच और जनभागीदारी को बढ़ावा देने का प्रभावी माध्यम बन चुका है।

# किसानों को पिछले वर्ष के बराबर मिलेगा यूरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




खरीफ वर्ष 2026 के दौरान किसानों को उर्वरकों की सुचारु उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन के कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने सहकारी क्षेत्र में यूरिया वितरण के लिए संशोधित दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

जारी निर्देशों के अनुसार खरीफ 2026 में प्रत्येक पात्र किसान को खरीफ 2025 में प्राप्त यूरिया उर्वरक के बराबर मात्रा में यूरिया उपलब्ध कराया जाएगा। पूर्व में जारी निर्देशों में यूरिया वितरण से संबंधित कुछ प्रावधानों को वर्तमान उपलब्धता की स्थिति को देखते हुए निरस्त कर नई व्यवस्था लागू की गई है। निर्देशों के अनुसार किसानों को यूरिया का वितरण एकमुश्त अथवा संबंधित सहकारी समिति में उपलब्ध स्टॉक के आधार पर किया जाएगा। यदि किसी समिति में तत्काल पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध नहीं है, तो किसान की पात्रता के अनुसार शेष मात्रा बाद में स्टॉक उपलब्ध होने पर प्रदान की जाएगी। राज्य शासन से दिशा निर्देश जारी होने के पश्चात कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कृषि विभाग के अधिकारियों, सहकारी संस्थाओं एवं संबंधित एजेंसियों को इन संशोधित दिशा-निर्देशों का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि खरीफ सीजन में किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध हो सके और कृषि कार्य प्रभावित न हो।

### साफ सफाई के अभाव में सड़कों में बह रहा नाली का गंदा पानी

बिर्रा। ग्राम पंचायत बिर्रा में स्वच्छता व्यवस्था बदहाल होती नजर आ रही है। गांव के दाऊ मोहल्ला, छिपियापारा, बराईपारा, बनियापारा, मारारपारा, पूर्व सरपंच मोहल्ला, कहरापारा और कोस्टापारा सहित कई बस्तियों में नालियों का गंदा पानी लगातार सड़कों पर बह रहा है। नियमित सफाई नहीं होने के कारण नालियों और सड़कों पर काई जम गई है, जिससे राहगीरों और बाइक चालकों के फिसलकर गिरने की घटनाएं सामने आ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से सफाई व्यवस्था की अनदेखी की जा रही है। नालियों की समय पर सफाई नहीं होने से गंदगी और दुर्गंध का वातावरण बना हुआ है, वहीं बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो गई है। गंदे पानी के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका भी बनी हुई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि इस समस्या की ओर अपेक्षित ध्यान नहीं दे रहे हैं। उनका कहना है कि पंचायत प्रतिनिधियों का दायित्व गांव के विकास एवं स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाना है, लेकिन इस दिशा में कोई प्रभावी पहल दिखाई नहीं दे रही है।

# कोरबी धतूरा में मना शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबी धतूरा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कटघोरा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा शासन की योजनाओं का लाभ लेकर, साथ ही शिक्षा ही जीवन का सर्वांगीण विकास का आधार है, अपना कैरियर, उज्जवल भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष निकिता मुकेश जायसवाल ने कहा कि छात्र-छात्राएं नियमित स्कूल आएं, अच्छी शिक्षा प्राप्त कर अपना बेहतर भविष्य बनाने पर जोर दिए। वर्तमान शिक्षा व्यवस्था पर प्रकाश डाला एवं जनकल्याणकारी बताएं, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तेरस ओगरे ने छात्र छात्र छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना की। शाला समिति के उपाध्यक्ष प्रभा राठौर, पूर्व अध्यक्ष सरजू निषाद, शाला समिति के सदस्यगण, संस्था प्रमुख प्राचार्य वीरभद्र सिंह पैकरा द्वारा कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए आभार व्यक्त किए।

## आकृति महिला समिति ने नारी राग रंग महोत्सव का किया आयोजन

# गीत-संगीत, नृत्य, रंगोली के साथ मनाया महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाएं।

श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल बिलासपुर की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन एवं समस्त उपाध्यक्षा के मार्गदर्शन में आकृति महिला समिति सेंट्रल वर्कशॉप सेंट्रल स्टोर कोरबा द्वारा 25 एवं 26 जून को दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नारी राग रंग महोत्सव का आयोजन सीडब्ल्यूएस हाउस कोरबा में किया गया। यह विशेष उत्सव हमारी महिला कर्मचारियों, अधिकारियों और कर्मचारियों की पत्नियों की छिपी हुई प्रतिभाओं को उजागर करने और उन्हें सम्मानित करने का एक अनूठा प्रयास है।

महोत्सव का शुभारंभ आकृति महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती नम्रता द्विवेदी एवं उनकी टीम की सदस्याओं द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक एवं आत्मीय स्वागत किया गया। दो दिवसीय महोत्सव में महिला अधिकारी, महिला कर्मचारी तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अर्धांगिनीयो ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मेहंदी, नृत्य, गायन, रंगोली, ग्रुप डांस, नुक्कड़ एवं अन्य सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर श्रीमती नम्रता द्विवेदी ने कहा कि एसईसीएल की प्रथम महिला एवं श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन ने नारी राग रंग महोत्सव का अवसर प्रदान किया है उसका लाभ उठाते हुए महिलाओं को जितनी उड़ान भरनी है भर सकती है साथ ही सभी प्रतिभागियों को भविष्य में भी ऐसी उत्साह, समर्पण एवं लगन के साथ होने वाले आयोजनों में बढ़ चढ़कर भाग लेने, अपनी प्रतिभा का निरंतर विकास करने एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। महोत्सव के समाप्ति पर सभी प्रतिभागियों को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्षा श्रीमती नम्रता द्विवेदी, श्रीमती सीमा राव, श्रीमती श्रद्धा गुप्ता, श्रीमती रोमा मंडल, श्रीमती सहाय, श्रीमती सुनीता जैन, बबीता सैनी, श्रीमती अंजना पाराशर एवं श्रीमत अर्चना दुबे आदि उपस्थित रही।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना




प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780